North Asian International Research Journal of Multidisciplinary

IRJIF IMPACT FACTOR:6.019 | ISSN: 2454-2326 | Vol. 7, Issue-9 | September -2021

Index Copernicus Value: 58.12 | DOI NUMBER: 10.5948/2454-2326.2020.00008.0 | Thomson Reuters ID: S-8304-2016

*A Peer Reviewed Refereed Journal*

# मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की आय में जल पर्यटन का योगदान : हनुवंतिया टापू के विशेष सन्दर्भ में |

- डॉ. टीना यादव

- डॉ. कृष्णकांत शर्मा (ग्रंथपाल, शासकीय महाविद्यालय कायथा)

## हनुवंतिया टापू का निर्माण

मध्यप्रदेश में पूर्वी निमाड़ में सुनहरी जिलों में शुमार खण्डवा जिले में पुनासा गांव से 10 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित इंदिरा सागर बाँध एक बहुउद्देशीय परियोजना है, इस बाँध की नींव 23 अक्टूबर 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने रखी थी। बाँध की लम्बाई 653 मीटर तथा आधार से अधिकतम ऊँचाई 92 मीटर है। इंदिरा सागर बाँध के आगे नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर, महेश्वर और सरदास सरोवर परियोजनाओं के अन्तर्गत कई बाँध का निर्माण हुआ।

इंदिरा सागर बाँध एशिया का दूसरा सबसे बड़ा मानव द्वारा निर्मित जलाशय है। नर्मदा नदी पर बाँध की मेड़ (बैक-वाटर) से बड़ी संख्या में प्राकृतिक रूप से टापू निर्मित हुए हैं, जिनमें हनुवंतिया भी एक है | जिसको कालांतर में मध्यप्रदेश शासन द्वारा चिह्नित कर लगभग 20 करोड़ रू. की लागत से कृत्रिम रूप से सौन्दर्यीकरण किया गया, जिससे यह स्थल और भी अधिक दर्शनीय बन पड़ा। हनुवंतिया मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के समीप ग्राम मूंदी से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जोकि लगभग 62 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ अंतरर्राष्ट्रीय स्तर का पहला टापू है।

हनुवंतिया का प्राकृतिक वातावरण, चारों ओर आच्छादित सघन वन क्षेत्र, दुर्लभ वन्य प्राणी और रंग बिरगें पक्षियों की कलरव प्रकृति की सुन्दरता और हनुवंतिया स्थल की रमणीयता को और अत्यधिक बढ़ा देते हैं। टापू की सुन्दरता और दर्शनीयता में निरंतर वृद्धि करने के लिए प्रचुर मात्रा में पौधारोपण किया जा रहा है साथ ही यहाँ वॉटर स्पोंट कॉम्प्लेक्स भी स्थापित किया गया है। पर्यटकों की आवास व्यवस्था के लिए 10 कॉटेज भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त भोजन के लिए रेस्त्रां, नौका विहार के लिए बोट क्लब निर्मित किये गए हैं | जल क्रीडा का लुत्फ़ उठाने के लिए 60 सीटर क्रूज़ की सुविधा भी उपलब्ध है।

## हनुवंतिया टापू पर होने वाली गतिविधियाँ

हनुवंतिया टापू प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ प्रतिवर्ष होने वाले जल महोत्सव के लिए भी जाना जाता है। जल महोत्सव साहसिक खेल और प्रकृति प्रेमियों को उत्साहवर्धक गतिविधियों का आनंद देता है। प्रथम जल महोत्सव 21 फरवरी से 12 मई 2016 में हुआ था

और इसके बाद यह क्रम निरंतर है | द्वितीय जल महोत्सव 15 अक्टूबर 2017 से 2 जनवरी 2018 में हुआ था। तृतीय जल महोत्सव 20 दिसम्बर 2018 से 20 फरवरी 2019 में हुआ। इसी प्रकार चतुर्थ जल महोत्सव 20 दिसम्बर 2019 से 20 जनवरी 2020 तक एवं पंचम जल महोत्सव 15 दिसम्बर 2020 से 15 फरवरी 2021 तक आयोजित हुआ।

जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल महोत्सव का आयोजन कराया जाता है। जल महोत्सव के दौरान प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाले अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी जाती है। एक माह से अधिक चलने वाले इस महोत्सव में पर्यटकों के लिए 60 से अधिक सर्वसुविधायुक्त लग्जरी टेंट सिटी व 100 से अधिक स्विज टेंट सिटी का अस्थायी निर्माण किया जाता है। जल महोत्सव में जल क्रीड़ा के साथ ही अन्य रोमांचक साहसिक खेल गतिविधियों का भी संचालन होता है जैसे - साइकलिंग, पतंगबाजी, विंड सर्फिंग, जेट स्कीइंग, स्टार गेजिंग, बनाना राइड, नौका विहार, पैरासैलिंग, कैंपफायर, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून, नाईटकैंपिगं, बर्डवाचिंग, ट्रैकिंग आदि गतिविधियाँ आयोजित होती है, जिससे युवा वर्ग अत्यधिक आकर्षित होता है |

जल महोत्सव हेतु पूरा क्षेत्र नर्मदा नदी के बैक-वॉटर से भरा होता है। यहाँ हनुवंतिया और सैलानी टापू के अलावा धारीकोटला, बोरियामाल, गुंजारी टापू और नर्मदा वैली सहित 27 टापू और है।

### हनुवंतिया टापू से आर्थिक लाभ

जल महोत्सव के दौरान यहाँ आने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर द्वारा पर्यटकों के लिए इंदौर से बस सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जो सुबह 9 बजे क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर से निकलकर 12 से 1 बजे के बीच हनुवंतिया पहुँच जाती है और शाम 5 बजे हनुवंतिया से निकलकर रात 8 से 9 के बीच इन्दौर पहुँचती है। जिसका प्रतिव्यक्ति किराया 325/- रू. है। बस के अतिरिक्त रेल मार्ग भी उपलब्ध है जो खंडवा से है और खंडवा रेल्वे स्टेशन से हनुवंतिया की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। हनुवंतिया का ई-मेल - hanuwantiya@mp.gov.in है।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा स्थापित हनुवंतिया टापू के चार वर्षों 2017-2018 से 2020-2021 तक की मुख्य आय के स्रोत

तालिका क्रमांक – 1

| S. No. | Head Name | 2017-2018 | 2018-2019 | 2019-2020 | 2020-2021 |
|---|---|---|---|---|---|

| | Income | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boat Club Misc. Income | 19216.62 | 10118.80 | 187017.74 | 0 |
| 2 | Catering Income | 299161.03 | 3281809.98 | 3188874.74 | 9253547.96 |
| 3 | Cold drink Income | 4254 | 51486 | 54804 | 14325 |
| 4 | Confectionary Income | 30557 | 655208.49 | 489414.83 | 674910 |
| 5 | Cruise Boat Income | 75156.25 | 4531.25 | 1520040.89 | 0 |
| 6 | Entry Fees | 84189.39 | 1150964.45 | 1143641.46 | 954361.86 |
| 7 | House Rent Deduction | 5450 | 33900 | 66800 | 1050 |
| 8 | Lodging Income | 0 | 7735161.28 | 1121450.50 | 5368232.84 |
| 9 | Mechanized Boat Income | 122229.07 | 58624.21 | 1468767.60 | 0 |
| 10 | Mineral Water Income | 14160 | 137484 | 126978 | 115798.50 |
| 11 | Misc. Income | 0 | 6673 | 9626 | 17884.12 |
| 12 | Speed Boat Income | 173768.54 | 66599.05 | 2250175.83 | 0 |
| 13 | Staff Meal Income | 12150 | 184347.83 | 125457 | 242774.32 |
| 14 | Water Scooter Income | 15000 | 468.75 | 273973.24 | 0 |

स्रोत - हनुवंतिया टापू, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग।

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि हनुवंतिया टापू पर सर्वाधिक आय आवास व भोजन से प्राप्त होती है। साथ -साथ बोट क्लब से आय में बढ़ोत्तरी दृष्टिगोचर हो रही है। वर्ष 2020 में सम्पूर्ण विश्व भयानक महामारी कोरोना से ग्रसित रहा, इस कारण यह वर्ष में पर्यटकों का आगमन कम रहा, इस कारण मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को हनुवंतिया टापू से होने वाली आय में कमी परीलक्षित हुई।

हनुवंतिया टापू देशभर में 'मध्यप्रदेश का स्विट्जरलैंड' के नाम से पहचाना जाने लगा है। यहाँ चहुँ ओर विशाल सागर की मानिंद लहरें आती रहती है अत्यंत रमणीय नैसर्गिक वातावरण को निहारने के लिए देशभर से पर्यटक यहाँ आने लगे हैं।

## उपसंहार

प्रकृति का सौन्दर्य व जल क्रीड़ा सदैव ही मानव मन को आकर्षित करते हैं। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा हनुवंतिया टापू की स्थापना एवं जल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम सफल भी रहा। यहाँ से निगम की आर्थिक आय में निरंतर योगदान प्राप्त होता है। हनुवंतिया टापू के विस्तारीकरण व सौन्दर्यीकरण के साथ जल महोत्सव में भी नई-नई योजनाएँ एवं गतिविधियों को सम्मिलित करने का प्रयास निगम निरंतर कर रहा है। जिससे आगामी वर्षों में यहाँ से होने वाली आय में भी वृद्धि दृष्टिगोचर होगी।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. हनुवंतिया टापू, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग।
2. विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग 2019-2020
3. वर्षिक प्रतिवेदन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, भोपाल।
4. वर्षिक रिर्पोट, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार।
5. http://www.mptourism.in
6. http://www.mptourism.com
7. www.tourism.gov.in